Assignment of Hindi = Class VI
पाठ = 1 (भाषा, लिपि और व्याकरण)

प्र०-उ० लिखो :- (in copy)

① भाषा किसे कहते हैं ?
उत्तर :- मनुष्य के भावों और विचारों के आदान-प्रदान के साधन को भाषा कहते हैं।

② लिपि से आपका क्या आशय है ?
उत्तर :- हमारा आशय यह है कि किसी भाषा के लिखने के निर्धारित चिह्नको लिपि कहते हैं।

③ मौखिक और लिखित भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।
उत्तर :- जो भाषा अपने भावों को बोलकर या सुनकर प्रकट करती है वह मौखिक भाषा कहलाती है, जबकि लिखित भाषा को लिखकर या पढ़कर समझा जाता है लिखित भाषा कहलाती है।

④ व्याकरण से आप क्या समझते हैं? इसके कितने अंग होते हैं?
उत्तर :- वह शास्त्र जो भाषा के शुद्ध व अशुद्ध रूप का ज्ञान कराता है, उसे व्याकरण कहते हैं। व्याकरण के चार अंग होते हैं।
① वर्ण विचार ② शब्द विचार ③ पद विचार ④ वाक्य विचार

उचित मिलान करो :- उत्तर सहित = (in copy)
① हिंदी = देवनागरी // ② उर्दू = फ़ारसी // ③ अंग्रेजी = रोमन // ④ पंजाबी = गुरुमुखी

कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँट कर कथन को पूरा करो। (in Book)
(क) केवल बोलकर मनोभावों को प्रकट करने वाली भाषा मौखिक भाषा कहलाती है।
(ख) उर्दू भाषा को हम दाईं तरफ़ से लिखते हैं।
(ग) अंग्रेजी भाषा की लिपि रोमन है।
(घ) नेपाली भाषा को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है।
(ङ) शब्द जब वाक्य का अंग बन जाते हैं तो पद कहलाते है।

नीचे दिए कथनों में सही कथन पर (✓) और गलत पर (✗) का निशान लगाओ। (in Book)
① बोलकर अपने भावों को प्रकट करने वाली भाषा को लिखित भाषा कहते हैं। ☒
② पंजाबी भाषा की लिपि गुरु मुखी है। ☑
③ किसी भी भाषा को लिखने की विधि को व्याकरण कहते हैं। ☒
④ शब्द जब वाक्य का अंग बन जाते हैं, तो वे पद कहलाते हैं। ☑
⑤ व्याकरण हमें शुद्ध बोलना एवं लिखना सिखाता है। ☑

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।
(क) 'मौखिक भाषा' का उदाहरण है -
उत्तर :- भाषण
(ख) पंजाबी भाषा की लिपि है -
उत्तर :- गुरुमुखी
(ग) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है -
उत्तर :- व्याकरण
(घ) 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है -
उत्तर :- हिंदी
(ङ) व्याकरण के मुख्य अंग हैं -
उत्तर :- चार

Scanned with CamScanner

# पाठ-२ = वर्ण-विचार

प्र० उ० लिखो :- (in copy)

1) वर्ण किसे कहते हैं?

उत्तर :- वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं हो सकते, उसे वर्ण कहते हैं।

2) वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर :- वर्ण दो प्रकार के होते हैं। ① स्वर ② व्यंजन

अनुस्वार और अनुनासिक शब्द लिखिए :- (in Book)

① अनुस्वार :- गंगा, शंकर, पतंग, ..., चंदन, मंगल, चंचल

② अनुनासिक :- हँसना, चाँद, पाँच, आँख, पाँव, साँप

ह्रस्व और दीर्घ स्वर लिखो :- (in Book)

① ह्रस्व :- अ, इ, उ, ऋ  दीर्घ स्वर :- आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

खाली स्थान भरो :- (in Book)

① जिन स्वर वर्णों के उच्चारण में सबसे कम समय लगता है, उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं।

② दो व्यंजन वर्णों से मिलकर बने नए व्यंजन को संयुक्त कहते हैं।

③ जिन व्यंजन वर्णों के उच्चारण में वायु मुख से टकराकर गरमी पैदा करती है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं।

④ जिन वर्णों का उच्चारण नाक और मुँह दोनों से होता है, अनुनासिक कहलाते हैं।

वाक्य में सही के सामने (✓) और गलत के सामने (×) का निशान लगाओ :-

(क) वर्णों के व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं। ☑

(ख) ऐसे वर्ण जिनके उच्चारण में ह्रस्व स्वर वर्णों की अपेक्षा तीन गुना समय अधिक लगता है दीर्घ स्वर कहलाते हैं। ☒

(ग) जिन व्यंजन वर्णों का उच्चारण करते समय मुख के अंगों का स्पर्श होता है उन्हें स्पर्श व्यंजन कहते हैं। ☑

(घ) जिनका उच्चारण नाक से होता है, अनुनासिक कहलाते हैं। ☒

(ङ) य र ल व अंतःस्थ व्यंजन होते हैं। ☑

द्वित्व व्यंजन शब्दों से दो-दो शब्द बनाओ

(क) ग्ग = मग्गा, जग्गा

(ख) ज्ज = छज्जा, लज्जा

(ग) प्प = पप्पू, चप्पू

(घ) म्म = अम्मा, मम्मी

निम्न वर्णों के संयोग का एक-एक शब्द लिखो।

क- ग् + य = भाग्य

ख- ङ् + क = पङ्क

ग- क् + त = वक्त

घ- ह् + र = हृदय

ङ- द् + र = द्रक

च- द् + ध = बुद्ध

वर्ण संयोजन (शब्द निर्माण) कीजिए।

(क) व् + इ + द् + य + आ + र् + थ् + ई = विद्यार्थी

(ख) क् + अ + म् + अ + ल् + अ = कमल

(ग) ब् + आ + ल् + अ + क् + अ = बालक

(घ) प् + अ + त् + र् + अ = पत्र

(ङ) म् + ओ + र् + अ = मोर

वर्ण-विच्छेद कीजिए :-

(क) विज्ञान = व् + इ + ज् + ञ् + आ + न् + अ

(ख) पुनीत = प् + उ + न् + ई + त् + अ

(ग) पावन = प् + आ + व् + अ + न् + अ

(घ) ट्रक = ट् + र् + अ + क् + अ

(ङ) सच्चा = स् + अ + च् + च् + आ

Scanned with CamScanner